दैनिक भास्कर 05/09/2024

विद्यार्थियों को बैंकिंग लेनदेन में आम धोखाधड़ी गतिविधियों से रूबरू कराया

अम्बाला | जीएमएन कॉलेज ने आर्य गर्ल्स कॉलेज कैंट व आईडीसी और वाणिज्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में बैंकिंग में व्यावसायिक नैतिकता विषय पर विस्तार व्याख्यान कराया। कार्यक्रम कंप्यूटर विज्ञान विभाग में ऑनलाइन हुआ। इसमें इंडियन ओवरसीज बैंक, जीएमएन शाखा के प्रबंधक चेतन मंगला मुख्य वक्ता थे। उन्होंने बैंकिंग क्षेत्र में नैतिक मानकों के बारे में जानकारी दी। व्याख्यान का प्राथमिक उद्देश्य छात्रों को बैंकिंग में व्यावसायिक नैतिकता के बारे में शिक्षित करना था। विद्यार्थियों को बैंकिंग लेनदेन में आम धोखाधड़ी गतिविधियों से रूबरू कराने पर ध्यान केंद्रित करना रहा। व्याख्यान में 90 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन आईईडीसी की संयोजक नीलम, प्रो. राम मूर्ति, डॉ. सुमन और सहायक प्रो. रितिका व आर्य कॉलेज से कंप्यूटर विज्ञान विभाग की एसोसिएट प्रो. अमनदीप मक्कड़ व डॉ. अंजू बाटला शामिल रही।